नवंबर 2024 ₹ 20

# समाजवादी बुलेटिन

अच्छी वाणी,अच्छा संदेश

## PDA बोले नेक अखिलेश



R.N.I. No. 68832/97

देश को शक्तिशाली बनाने वाले तीन लोग होते हैं। किसान, नौजवान और व्यापारी। किसान पैदावार करेगा। नौजवान मेहनत कर देश का भविष्य उज्ज्वल करेगा। व्यापारी को भी सम्मान, प्यार देना चाहिए क्योंकि वह खुश होगा और उसे लाभ होगा तो वह देश को समृद्ध बनाएगा।

**मुलायम सिंह यादव**
संस्थापक, समाजवादी पार्टी



समाजवादी बुलेटिन
नवंबर 2024
वर्ष 26 | संख्या 01

*प्रिय पाठकों,*

*आपको बधाई एवं हृदय तल से आभार। आपकी प्रिय पत्रिका समाजवादी बुलेटिन अपने रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। आप सभी के प्यार और उत्साहवर्धन की बदौलत यह संभव हो पाया। समाजवादी बुलेटिन के ढाई दशक के सफर में इसके नए कलेवर को आपने खूब सराहा। हम भरोसा दिलाते हैं कि वैचारिक स्तर पर आपको समृद्ध करने का हमारा प्रयास सतत जारी रहेगा। कृपया अपना स्नेह यूं ही बनाए रखें।*

*धन्यवाद*

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक
**प्रोफेसर रामगोपाल यादव**
☎ 0522 - 2235454
samajwadibulletin19@gmail.com
bulletinsamajwadi@gmail.com
Mob:- 9598909095
/samajwadiparty

समाजवादी पार्टी के लिए
19, विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ से प्रकाशित
अवध पब्लिशिंग हाउस, 8 पान दरीबा, लखनऊ से मुद्रित
R.N.I. No. 68832/97

# अंदर

सरकारी अकर्मण्यता ने ले ली नवजात शिशुओं की जान 04




10 कवर स्टोरी **अच्छी वाणी, अच्छा संदेश PDA बोले नेक अखिलेश**



**उपचुनाव: सपा को मिल रहा भारी समर्थन** 32



उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को होने जा रहे उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के चुनाव अभियान में उतर जाने के बाद लोकसभा चुनाव 2024 की तरह ही समाजवादी पार्टी के पक्ष में PDA के भारी समर्थन से जबरदस्त उत्साह का माहौल है।

यूपी में अराजकता,पुलिस निरंकुश 24
कश्मीरियों ने अखिलेश जी का गर्मजोशी से किया स्वागत 20




# सरकारी अकर्मण्यता ने ले ली नवजात शिशुओं की जान

बुलेटिन ब्यूरो

भाजपा सरकार की अकर्मण्यता से महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज झांसी में 15 नवंबर की रात आग लगने से 10 नवजात शिशुओं की जान चली गयी। यह भी कहा जा रहा है कि अभी 8 नवजात शिशुओं का पता नहीं चल पा रहा है। यह हादसा रौंगटे खड़े कर देने वाला है और सरकार की अकर्मण्यता को बेनकाब कर चुका है। बताया जा रहा है की मेडिकल कालेज में आग बुझाने का लगा यंत्र 4 साल पहले ही एक्सपायर हो गया था और सरकार और प्रशासन ने उसे बदलने की जहमत नहीं की। अगर वह यंत्र सही-सलामत होता तो नवजात शिशुओं की जान बचाई जा सकती थी। हादसे के बाद मेडिकल कालेज पहुंचे उपमुख्यमंत्री के स्वागत में चूना का छिड़काव भी शर्मनाक है।

यह तब होता जब सरकार संवेदनशील होती है। भाजपा सरकार में लोगों की जान की कोई कीमत ही नहीं है। उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बिल्कुल ध्वस्त हो चुकी हैं। हालात इतने बदतर हैं कि राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास के निकट स्थित सिविल अस्पताल में ईको मशीन तक खराब पड़ी हुई है जिसके अभाव में कितने मरीजों की जान गई होगी, कहा नहीं जा सकता।

सरकार कितनी संवेदनहीन हो चुकी है इसका एक उदाहरण झांसी मेडिकल कालेज

# यह चिकित्सीय प्रबंधन व प्रशासन की लापरवाही

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने झांसी मेडिकल कॉलेज में आग लगने से 10 बच्चों की मृत्यु एवं कई बच्चों के घायल होने पर गहरा दुख जताते हुए घटना को चिंताजनक बताया। उन्होंने सबके प्रति संवेदनात्मक श्रद्धांजलि दी।

घटना के बाद सोशल मीडिया एक्स पर श्री अखिलेश यादव ने कहा कि आग का कारण 'ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर' में आग लगना बताया जा रहा है। ये सीधे-सीधे चिकित्सीय प्रबंधन व प्रशासन की लापरवाही का मामला है या फिर ख़राब क्वॉलिटी के आक्सीजन कॉन्संट्रेटर का। इस मामले में सभी ज़िम्मेदार लोगों पर दंडात्मक कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी चुनावी प्रचार छोड़कर, 'सब ठीक होने के झूठे दावे' छोड़कर स्वास्थ्य और चिकित्सा की बदहाली पर ध्यान देना चाहिए। जिन्होंने अपने बच्चे गवाएं हैं, वो परिवारवाले ही इसका दुख-दर्द समझ सकते हैं। ये सरकारी ही नहीं, नैतिक ज़िम्मेदारी भी है। आशा है चुनावी राजनीति करने वाले पारिवारिक विपदा की इस घड़ी में इसकी सच्ची जांच करवाएंगे और अपने तथाकथित स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्रालय में ऊपर-से-नीचे तक आमूलचूल परिवर्तन करेंगे।

उन्होंन लिखा कि रही बात उप्र के 'स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री' की तो उनसे कुछ नहीं कहना है क्योंकि उन्हीं के कारण आज उप्र में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा व्यवस्था की इतनी बदहाली हुई है। संकीर्ण-साम्प्रदायिक राजनीति की निम्न स्तरीय टिप्पणियाँ करने में उलझे मंत्री जी को तो शायद ये भी याद नहीं होगा कि वो 'स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री' हैं। न तो उनके पास कोई शक्ति है न ही इच्छा शक्ति, बस उनके नाम की तख़्ती है। सबसे पहले उप्र भाजपा सरकार समस्त झुलसे बच्चों के लिए विश्वस्तरीय चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराए व जिन्होंने अपने बच्चों को खोया है, उन समस्त शोक संतप्त परिवारों को 1-1 करोड़ संवेदना राशि दे। उन्होंने कहा है कि गोरखपुर न दोहराया जाए।



में तब भी दिखा जब हादसे के बाद वहां पहुंचे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के स्वागत में भी चूना छिड़का गया। जाहिर है, बेशर्मी इतनी है कि कुछ भी हो जाए मगर मंत्रियों के स्वागत में कमी नहीं रहनी चाहिए। मातम के वक्त भी इन मंत्रियों को अपना स्वागत कराने में कोई परहेज नहीं है।

झांसी मेडिकल कालेज में हादसे में सरकार की लापरवाही साफ-साफ दिख रही है। अग्निशमन यंत्र का एक्सपायर होना, वार्ड ब्वाय व अन्य स्टाफ को आग बुझाने का प्रशिक्षण न देना जाहिर करता है कि सबकुछ रामभरोसे चल रहा था। बड़ा सवाल यह है कि आक्सीजन सिलेंडरों के वायर इतने कमजोर कैसे थे कि उसमें स्पार्किंग से आग लग जाए। जब हादसे हुआ और अफरातफरी मची तो भी प्रशासन ने परिवारीजनों को कोई सूचना न देकर अपनी कमियां छिपाने की कोशिश की।

नवजात शिशुओं की लापरवाही में गई जानें सरकार की अकर्मण्यता को दर्शाता है और दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा सरकार इस हादसे की नैतिक जिम्मेदारी लेने से भी बच रही है।



फोटो स्रोत : गूगल

## हाल यूपी का

# नौजवान और अन्नदाता दोनों बेहाल

***उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में न किसान खुश हैं और न ही नौजवान। किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिलता नहीं। इससे उपजी परेशानी से त्रस्त किसान इन दिनों डीएपी की किल्लत से जूझ रहे हैं। सहकारी समितियों पर डीएपी के लिए किसानों की लंबी लाइनें लग रही हैं लेकिन किसान निराश होकर लौट रहे हैं। दूसरी ओर भर्ती परीक्षाओं के मामले में सरकार के अराजक रवैए के कारण युवा सड़कों पर उतरने को विवश हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश पीसीएस की परीक्षा को लेकर हाल ही में प्रयागराज में युवाओं ने सरकार के खिलाफ जबरदस्त धरना प्रदर्शन किया।***

# यूपी के किसान खाद की कमी से हलकान

बुलेटिन ब्यूरो

उत्तर प्रदेश के किसान एक बार फिर भाजपा सरकार की कुनीतियों की वजह से बेहाल और परेशान हैं। पूरे यूपी में खाद की किल्लत है और सरकार ने चुप्पी साध रखी है। यह हाल गोरखपुर से लेकर कन्नौज, इटावा और सहारनपुर तक है।

सहकारी समितियों के गोदाम खाली हैं। किसानों को खाद नहीं मिल रही है। किसान को ब्लैक में खाद खरीदने के लिए विवश किया जा रहा है। बीज के साथ कुछ दवाओं के पैकेट लेने का भी दबाव बनाया जा रहा है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की मार किसानों पर पड़ने से किसान और ज्यादा लाचार तथा गरीब होता जा रहा है।

किसानों ने आरोप लगाया है कि भाजपाइयों ने सारी खाद दबा रखी है और खाद की कालाबाज़ारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डीएपी और पीडीए दोनों में अक्षरों की समानता है और ये भी कि ये दोनों ही भाजपा के पतन को और तेज कर देंगे। जितना किसान सम्मान के नाम पर दिया जा रहा है, उससे ज़्यादा खाद की कालाबाज़ारी से लिया जा रहा है।

अपने गृह जनपद गोरखपुर के किसानों की समस्या से भी मुख्यमंत्री अनजान बने हुए हैं। जाहिर है, सरकार मुनाफाखोरों के लिए किसानों को बर्बाद करने पर तुली है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव लगातार किसानों की समस्या पर आवाज बुलंद कर रहे हैं मगर सरकार के कान पर जूं नहीं रेंग रही है।

किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार आवाज बुलंद कर रहे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने किसानों को बर्बाद कर दिया है। किसान बदहाल और परेशान हैं। मुख्यमंत्री जी के गृह जनपद में भी किसानों में हाहाकार मचा है। उन्होंने कहा कि अगर मुख्यमंत्री को समाज को काटने बांटने की भाषणबाजी और राजनीतिक पर्यटन से फुर्सत मिले तो पूरे प्रदेश में डीएपी बंटवा दें क्योंकि बुआई का सीजन फिर साल भर बाद ही आएगा।

पिछले एक पखवारे में मैनपुरी, कन्नौज समेत कई जिलों के किसानों ने डीएपी की कमी को लेकर प्रदर्शन किया था। कोई सुनवाई न होने पर चित्रकूट में डीएपी न मिलने से परेशान किसान ने अपने खेत में आम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किसानों को फसलों की बुआई के लिए खाद, बीज होने का दावा करने वाली सरकार को किसानों की समस्याएं नहीं दिख रही है। किसानों के धान खरीद का समुचित इंतजाम न होने से किसान इधर-उधर भटक रहा है। जहां धान खरीद शुरू की गई है वहां पर धान की बोरी से चोरी की खबरें आ रही है।

जब से भाजपा की सरकार आयी है किसानों को फसलों की सही कीमत नहीं मिल रही है। गन्ना किसानों के साथ भाजपा सरकार का शोषण लगातार जारी है। महंगाई के कारण फसलों का लागत मूल्य बढ़ता जा रहा है। गन्ना मूल्य को लेकर किसानों में भारी असंतोष है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों की समस्याओं के स्थायी समाधान पर भाजपा से कोई उम्मीद नहीं की जा सकती है। किसान भगवान भरोसे हैं, उसकी कोई सुनने वाला नहीं है। किसानों की समस्याओं के निदान के लिए केन्द्र की भाजपा सरकार ने जो कमेटी बनाई थी उसका भी कहीं अता-पता नहीं है। उन्होंने कहा कि किसानों का बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान आज तक नहीं हुआ है जबकि नये सत्र का गन्ना इंतजार कर रहा है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता में पूंजीपति हैं किसान नहीं। खेती में हमेशा घाटा ही रहा है।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान बहुत परेशान हैं। एक तरफ जहां किसानों को खाद, बीज, कीटनाशक महंगे मिल रहे हैं वहीं जुताई बुआई महंगी हो गयी है। किसान को अपनी उपज का लाभकारी मूल्य भी नहीं मिल रहा है।

# युवाओं को मिला अखिलेश का साथ बैकफुट पर सरकार

बुलेटिन ब्यूरो

उत्तर प्रदेश की आततायी भाजपा सरकार आखिरकार युवाओं की एकजुटता की ताकत के आगे झुक ही गई और पीसीएस की परीक्षाएं दो दिन कराने का फैसला सरकार को वापस लेना पड़ा। दरअसल सरकार के बैकफुट पर जाने और अपना निर्णय बदलने में युवा शक्ति के दबाव के साथ हीसमाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सक्रियता की भी अहम भूमिका रही।

युवाओं को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव का समर्थन मिला तो सरकार की तानाशाही के खिलाफ वे और डटकर खड़े हो गए। अंतत: श्री अखिलेश यादव का दबाव और युवाओं की एकजुटता की ताकत से सरकार झुकी और उसे एक ही दिन में परीक्षा कराने का फैसला लेना ही पड़ा।

पीसीएस की परीक्षा एक ही दिन और एक ही शिफ्ट में करने की मांग के साथ प्रयागराज में लगातार धरना दे रहे छात्र-छात्राओं को श्री अखिलेश यादव के समर्थन से युवाओं में और जोश आ गया तो भाजपा सरकार भी घबड़ा गई कि समाजवादी पार्टी इसे व्यापक आंदोलन का रूप दे सकती है।

समाज में नफरत फैलाकर फूट डालने में माहिर भाजपा ने युवाओं के बीच भी फूट डालने के लिए पीसीएस की परीक्षा एक ही दिन में कराने की मांग मान ली मगर आरओ, एआरओ की परीक्षा के लिए समिति बनाकर आंदोलित छात्रों के बीच फूट डालने की कोशिश की मगर छात्र भाजपा सरकार की चाल समझ गए और पीसीएस परीक्षा की मांग पूरी होने के बाद भी धरना पर डटे रहे। युवाओं ने सरकार की इस मंशा की खुले तौर निंदा की।

**श्री अखिलेश यादव के तेवरों को देखकर सरकार ने आनन-फानन में पीसीएस की परीक्षा एक दिन में करने की युवाओं की मांग मान ली**

धरना पर बैठे बेटे-बेटियों ने साफतौर पर कहा कि सरकार ने अंग्रेजों की नीति अपनाई मगर उसकी चाल हम सब समझ चुके हैं। जाहिर है, युवा शक्ति की जब आक्रोशित होती है तो सरकार बदलकर ही मानती है। साफ है कि यह सरकार अब चंद दिनों की है। युवाओं के बीच फूट डालने की इस कोशिश को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

श्री अखिलेश यादव 14 नवंबर को फूलपुर उपचुनाव के लिए जनसभा के लिए पहुंचे थे। फूलपुर में श्री यादव ने कहा भी कि एक नेशन-एक इलेक्शन का नारा देने वाली सरकार एक ही दिन परीक्षा क्यों नहीं करा सकती। सपा मुखिया ने अपने भाषण साफ कहा कि वह खुद चाहते हैं कि प्रयागराज जाकर युवाओं के धरने में शामिल हों लेकिन ऐसा इसलिए नहीं कर रहे क्योंकि तब सरकार यह कहेगी कि युवाओं का आंदोलन राजनीति से प्रेरित है लिहाजा वे खुद मौके पर जा नहीं रहे लेकिन युवाओं की मांगों को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा कर रहे हैं।

श्री अखिलेश यादव के तेवरों को देखकर सरकार ने आनन-फानन में पीसीएस की परीक्षा एक दिन में करने की युवाओं की मांग मान ली। अन्यथा 4 दिन से लोक सेवा आयोग के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हजारों छात्र-छात्राओं पर लाठियां बरसाकर पीटा तक गया।

पीसीएस परीक्षा को एक दिन की बजाय 2 दिन करने के आयोग के तुगलकी निर्णय के खिलाफ प्रयागराज में सड़कों पर उतरे युवाओं को पुलिस ने जिस तरह दौड़ा दौड़ाकर पीटा, उसने युवाओं के भविष्य को लेकर बेपरवाह सरकार की मानसिकता को

फिर सामने ला दिया।

सरकार के खिलाफ उठने वाली आवाज को दबाने का यह पहला या दूसरा मामला नहीं है। इससे पहले भी धरना दे रहे शिक्षकों, डायल 100 में कार्यरत बेटियों के साथ भी भाजपा सरकार ऐसा ही जुल्म कर चुकी है। उसे यह बर्दाश्त नहीं होता कि कोई जायज मांगों को लेकर भी उसके खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करे।

11 नवंबर को सरकार का जुल्म प्रयागराज में लोकसेवा आयोग से एक परीक्षा-एक समय की मांग कर रहे बेटे-बेटियों पर टूट पड़ा। उनकी आवाज को दबाने के लिए सरकार ने पुलिस से लाठियां बरसवाईं। इसके बावजूद वे डटे रहे। रातभर सड़कों पर सोए। दूसरे दिन भी वे वहीं जमे रहे और पुलिस की धमकी-घुड़की से न डिगे और न हटे। छात्र-छात्राओं की मांगों को सुनने के बजाय जिस तरह उनपर जुल्म हुआ, वह बताता है कि सरकार बौखलाहट में है।

हास्यास्पद है कि शांतिपूर्वक धरना देने जा रहे बेटे-बेटियों की मांगों पर विचार करने के बजाय अधिकारियों ने उन्हें सलाह दी कि वे घर लौट जाएं और तैयारी करें।

उनकी समस्याओं पर विचार होना चाहिए था लेकिन सरकार ने उन्हें बेरहमी से पिटवाकर अपनी तानाशाही पर मुहर लगा दी। छात्र-छात्राएं व परिवारीजनों को अब विश्वास हो गया है कि सरकार नौकरी नहीं देना चाहती इसीलिए परीक्षाओं में गलत निर्णय लिए जा रहे हैं। युवाओं की एकजुटता और श्री अखिलेश यादव के खुला समर्थन के बाद 14 नवंबर को आखिरकार भाजपा सरकार को छात्रों की जायज मांगों को मानना ही पड़ा।

# समाजवादी पार्टी युवाओं के साथ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने प्रयागराज में छात्र-छात्राओं पर लाठीचार्ज की निंदा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार युवाओं और छात्र विरोधी है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि इलाहाबाद में यूपी पीसीएस परीक्षा में धांधली को रोकने के लिए अभ्यर्थियों ने जब मांग बुलंद की भ्रष्ट भाजपा सरकार हिंसक हो उठी। प्रयागराज यूपीपीसीएस और आरओ की परीक्षा को एक ही पाली में कराने की मांग को लेकर छात्र शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं। योगी सरकार की तानाशाही में छात्र-नौजवानों के लोकतांत्रिक अधिकारों को भी छीना जा रहा है।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा की नीयत युवाओं को नौकरी देने की नही है। नौकरी, रोजगार भाजपा के एजेन्डे में नहीं है। भाजपा ने नौजवानों में धोखा दिया है। भाजपा की नीतियां नौजवान विरोधी हैं। समाजवादी पार्टी युवाओं के साथ है। छात्र-युवाओं की मांग का समर्थन करती है।श्री अखिलेश यादव ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश का माहौल योगी बनाम प्रतियोगी' छात्र हो गया है। उत्तर प्रदेश के प्रतियोगी परीक्षाओं के हर अभ्यर्थी, हर छात्र, हर युवक-युवती की ज़ुबान पर है कि नौकरी भाजपा के एजेंडे में है ही नहीं'। प्रतियोगी छात्रों पर लाठी-डंडा उन्होंने चलवाया जिनका एजेंडा नौकरी नहीं है, प्रदेश को ऐसी अनुपयोगी सरकार नही चाहिए, अयोग्य लोगों का अयोग्य आयोग' नहीं चाहिए।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोग, जनता को रोज़ी-रोटी के संघर्ष में उलझाए रखने की राजनीति करते हैं, जिससे भाजपाई साम्प्रदायिक राजनीति की आड़ में भ्रष्टाचार करते रहें। सालों-साल वैकेंसी या तो निकलती नहीं है या फिर परीक्षा की प्रक्रिया पूरी नहीं होती है। भाजपा ने छात्रों को पढ़ाई की मेज से उठाकर सड़कों पर लाकर खड़ा कर दिया है।





# अच्छी वाणी,अच्छा संदेश

# PDA बोले नेक अखिलेश

बुलेटिन ब्यूरो

उत्तर प्रदेश की राजनीति में इन दिनों नकारात्मकता और सकारात्मकता का अंतर स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। एक ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सारी भाषाई मर्यादाओं और संवैधानिक पद की गरिमा को भुलाकर समाज को बांटने वाले भाषण और बयान दे रहे हैं।वहीं दूसरी और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव बेहद संयमित और शिष्ट तरीके से संतुलित भाषा शैली के साथ यूपी के मुख्यमंत्री की आपत्तिजनक बातों का जवाब दे रहे हैं। इसलिए यह फिर एक बार स्पष्ट हो रहा है कि क्यों अखिलेश जी जनता के दिलों पर राज करते हैं।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव सकारात्मक राजनीति के जरिये लगातार समाज को जोड़ने वाले संदेश दे रहे हैं। सकारात्मक संदेशों की


फाइल फोटो




वजह से वह यूपी की पहली पसंद बन गए हैं। श्री अखिलेश यादव सकारात्मक राजनीति के न सिर्फ पैरोकार हैं बल्कि उसपर मजबूती से अमल भी करते हैं। हाल में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह समाज को तोड़ने वाली नकारात्मक राजनीति को फिर हवा दी तो श्री अखिलेश यादव उसके खिलाफ डटकर खड़े हो गए और उन्होंने सकारात्मक राजनीति वाले नारे गढ़े। बंटेंगे तो कटेंगे जैसे नकारात्मक और नफरत भरे नारे के खिलाफ श्री अखिलेश यादव का जोड़ेंगे और जीतेंगे का नारा असरदार साबित हुआ और जनता ने उनकी तारीफ की।

जनता देख और समझ रही है कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा नेताओं के नफरत वाले बोल के खिलाफ श्री अखिलेश यादव सकारात्मक राजनीति का हथियार लेकर डटकर खड़े हैं। भाजपा जहां नफरती बयानों से समाज को बांटने की नाकाम कोशिश कर रही है, वहीं श्री अखिलेश यादव समाज को जोड़ने वाले नारे देकर समाज में मोहब्बत और भाईचारा का संदेश दे रहे हैं।

श्री अखिलेश यादव के नारों की वजह से भाजपा की नफरती राजनीति पर लगाम लगी है और मंसूबों पर पानी फिरने से वह तिलमिला गई है। तिलमिलाहट में यूपी के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने अब सीधे तौर पर P D A यानी पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों का अपमान शुरू कर दिया है और वह PDA को दंगाई व अपराधी बताने लगे हैं।

मुख्यमंत्री योगी के अपमानित करने वाले वाले इस बयान से PDA और एकजुट होकर श्री अखिलेश यादव से और मजबूती के साथ जुड़ते जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के नफरती बयानों के बाद PDA का विश्वास और बढ़ गया है कि श्री अखिलेश यादव ही सकारात्मक राजनीति करने वाले एकमात्र राजनेता हैं।

मुख्यमंत्री के P D A को दंगाई और अपराधी बताने पर भी पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक समाज काफी गुस्से में है। वह कह रहा है कि एक तरफ अच्छी वाणी बोलने वाले श्री अखिलेश यादव हैं तो दूसरी तरफ नफरती राजनीति करने वाली भाजपा।

दरअसल जब भी चुनाव नजदीक आते हैं तोभाजपा समाज को बांटने वाली राजनीति शुरू कर देती है। लोकसभा चुनाव 2024 में PDA से शिकस्त खाने के बाद भाजपा ने अब इस वर्ग को ही सीधे निशाने पर रखना शुरू कर दिया है। लोकसभा चुनाव में PDA की एकजुटता से भाजपा परेशानी

# हरदिल अज़ीज़ अखिलेश













# डरा हुआ इंसान नकारात्मक बातें करता है

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि डरे हुए इंसान की सबसे बड़ी पहचान उसकी नकारात्मक बातें होती हैं। जिनके पास अपनी कोई उपलब्धि नहीं है वह दूसरों की बात करते हैं। नकली मुस्कान असलियत नहीं छुपा सकती है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार सामाजिक सौहार्द को खत्म कर बारूदी सुरंग बिछा रही है। एनकाउंटर वाली सरकार का काउंटडाउन शुरू हो गया है इसीलिए वे घबराये हैं। उनकी भाषा बदल गयी है। मुख्यमंत्री जी की भाषा कैसी हो गयी है और वे क्या-क्या बोल रहे हैं।

श्री यादव ने कहा कि अब भाजपा सरकार में उतने दिन नहीं रहेगी, जितना रह चुकी हैं। इसी वजह से उनकी भाषा बदल गयी है। उनका सोचने और समझने का तरीका बदल गया है। सच्चाई यह है कि मन की कुटिलता ही वचन की कटुता बनती है। जिन्होंने खुद के ऊपर से सच्चे मुकदमे हटवाए हैं और दूसरे के ऊपर झूठे मुकदमे लगवाएं हैं वे जितना कम बोलेंगे उतना उनकी सच्चाई छुपी रहेगी।



श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में साधू संतो से पक्षपात किया जा रहा है। साधु-संतो के बीच झगड़े करवाये जा रहे हैं। वे कैसे योगी हैं। भारतीय परम्परा रही है कि जो जितना बड़ा संत होता है उतना कम बोलता है और जब बोलता है तो जनकल्याण के लिए बोलता है। यहां तो सब उल्टा है। इनकी योग्यता की परीक्षा करवानी पड़ेगी क्योंकि जिस तरह की भाषा प्रयोग कर रहे हैं उससे लगता है कि कहीं न कहीं उनकी योग्यता के बारे में हम लोगों को जानना चाहिए। व्यक्ति वस्त्र से नहीं वचन से योगी होता है।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा अमृत काल की याद दिलाती है लेकिन उसके कार्यकाल में आजादी का नहीं बर्बादी का अमृत काल है। कहा जाता है कि कलयुग में सब उल्टा होता है। भाजपा सरकार में यही दिखाई दे रहा है। हमारे यहां कहा गया है कि जितना बड़ा योगी होता है उतना चुप रहता है। यहां मौनी और मुनि की परम्परा रही है लेकिन आज जिन्हें मृदुभाषी होना चाहिए वे वाचाल और कटुभाषी बन गए हैं। जिन्हें सत्य वचन बोलना चाहिए वे झूठे प्रचारक बन गए हैं। जिन्हें अभय का निवारण करना चाहिए वे भय बांट रहे हैं। जिन्हें परोपकार करना चाहिए वे अत्याचारी बन गए हैं। जिनका काम सरकार चलाना होना चाहिए वे बुलडोजर चला रहे हैं। सरकार विकास की प्रतीक होनी चाहिए लेकिन विनाश की प्रतीक बन गयी है।




और तिलमिलाहट में समाज को बांटने के लिए दंगा कराने की साजिश में भी पीछे नहीं है।

इसकी ताजा मिसाल हाल ही में बहराइच में हुए दंगों में मिली। जब इलाके के भाजपा विधायक ने बाकायदा एफआईआर लिखवाई कि दंगा कराने में भाजपा से जुड़े लोग शामिल थे। एफआईआर ने भाजपा की साजिशों से जिस तरह पर्दा हटाया, उसने साबित कर दिया कि भाजपा समाज में दंगा कराकर लोगों को बांटना चाहती है। जनता ऐसी राजनीति को बिल्कुल भी पसंद नहीं करती इसलिए उसे अच्छे और नेक राजनीति करने वाले श्री अखिलेश यादव भाते हैं।

लोकसभा चुनाव में श्री अखिलेश यादव ने सकारात्मक राजनीति की जो लाइन खींची थीं, उसी का नतीजा रहा कि जनता ने समाजवादी पार्टी को देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थान दिया। यूपी में नम्बर वन रही समाजवादी पार्टी का ही नैरेटिव था कि देश के दूसरे राज्यों में भी भाजपा को शिकस्त खानी पड़ी।

यह भी एक तथ्य है कि जब भी सांप्रदायिक ताकतों ने समाज को तोड़ने वाली हरकतें की हैं तो समाजवादी पार्टी ही उसके खिलाफ डटकर खड़ी हुई है। समाजवादी पार्टी के संस्थापक श्री मुलायम सिंह यादव से लेकर श्री अखिलेश यादव तक का इतिहास है कि समाज को जोड़ने के लिए वे हमेशा डटे रहे। वह लगातार डटे हैं और लगातार अपनी अच्छी वाणी से समाज को जोड़ने वाला संदेश दे रहे हैं।

श्री अखिलेश यादव ने कभी बांटने वाली राजनीति नहीं की है। अगर उन्होंने लखनऊ पुलिस हिरासत में मारे गए दलित वर्ग के अमन गौतम तक आर्थिक मदद पहुंचाई तो मोहित पाण्डेय के परिवार तक भी आर्थिक मदद पहुंचाने में कोई भेदभाव नहीं किया। यह एक ऐसी सकारात्मक और बिना भेदभाव वाली राजनीति है कि उसकी हर तरफ तारीफ हो रही है। अच्छी वाणी, अच्छे संदेश से हर तरफ श्री अखिलेश यादव की जय हो रही है। PDA तो एकजुट होकर कह रहा है नेक अखिलेश-जय-जय अखिलेश।



# PDA का सपा में ही सम्मान

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय पर 22 अक्टूबर को कुशवाहा, शाक्य, मौर्य, सैनी समाज के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी को समर्थन देकर सरकार बनाने का संकल्प लिया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने समर्थन व सम्मान देने पर समाज का आभार जताते हुए भरोसा दिलाया कि समाजवादी पार्टी उनके भरोसे का सम्मान करेगी। उन्होंने कहा कि PDA परिवार को समाजवादी पार्टी में ही सम्मान मिलता है। 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर PDA को न्याय, हक और सम्मान मिलेगा। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय पर कुशवाहा, शाक्य, मौर्य, सैनी समाज के



सक्रिय कार्यकर्ताओं, नेताओं की बैठक को संबोधित करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि कुशवाहा, शाक्य, मौर्य व सैनी समाज का लंबा इतिहास रहा है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि सामंती और पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ ही PDA है। भाजपा से मुक्ति समाज के हित में है। भाजपा PDA परिवार की दुश्मन है। भाजपा सरकार PDA के साथ अन्याय, अत्याचार कर रही है। हक छीन रही है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा चाहे जितनी रणनीति बना ले, साजिश और षडयंत्र कर ले, इस बार PDA परिवार एकजुट होकर भाजपा को हराएगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा की साजिशें उपचुनाव में भी दिख रही हैं। PDA से जुड़े बीएलओ, अधिकारियों, पुलिस के लोगों का नाम, जाति के आधार पर भाजपा हटा रही है। जाति के आधार पर निर्देश दे रही है। लखनऊ में बैठे बड़े-बड़े अधिकारी भाजपा को जिताने और समाजवादी पार्टी को हराने की रणनीति बना रहे हैं और अपनी जाति के अधिकारियों को तैनात कर रहे हैं। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि उपचुनाव में जिलाधिकारी भाजपा के जिलाध्यक्ष की तरह काम कर रहे हैं। PDA परिवार के लोग सबकुछ देख और समझ रहे हैं।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा भेदभाव करती है। समाज में नफरत फैलाती है। बेईमानी और सत्ता का दुरुपयोग करती है। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सत्ता का दुरुपयोग किया। जनता ने समाजवादी पार्टी के पक्ष में निर्णय दिया था लेकिन भाजपा ने बेईमानी से सत्ता पर कब्जा किया, जनादेश का अपमान किया।

बैठक में कुशवाहा, शाक्य, मौर्य, सैनी समाज के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने श्री अखिलेश यादव का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए संकल्प लिया कि समाज पूरी ताकत से 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर ही दम लेगा। इस बार कोई चूक नहीं होगी।

बैठक का आयोजन पूर्व मंत्री आरएस कुशवाहा ने किया। बैठक में सांसद देवेश शाक्य, नीरज मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, विधायक श्रीमती ऊषा मौर्य, रामऔतार सैनी, श्रीमती लीलावती कुशवाहा पूर्व एमएलसी, छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के अलावा अविनाश कुशवाहा, विनय शाक्य, राजेन्द्र मौर्य, रक्षाराम मौर्य, मधुसूदन कुशवाहा, अमरनाथ मौर्य, ब्रज मोहन कुशवाहा, विजय प्रताप कुशवाहा आदि प्रमुख नेता शामिल रहे।



# भा गई अखिलेश की वाणी

# आ गए साथ

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव की सकारात्मक राजनीति, समाज को जोड़ने वाले संदेश दूसरे दलों के नेताओं को भी खूब भा रहे हैं और वह तेजी के साथ श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

श्री अखिलेश यादव की सकारात्मक राजनीति से प्रभावित होकर 28 अक्टूबर को भाजपा व बसपा के तमाम नेताओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते हुए श्री अखिलेश यादव को मजबूत करने का संकल्प लिया।

समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ पहुंचकर गोरखपुर के प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव पूर्व प्रधानाचार्य एमजी पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज गोरखपुर ने भाजपा को छोड़कर श्री अखिलेश यादव की उपस्थिति में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली। गोरखपुर के ही आचार्य मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने भी समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली। श्री मुकेश श्रीवास्तव उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान से राहुल सांस्कृतायन पुरस्कार से सम्मानित हैं।

सदर लोकसभा क्षेत्र गोरखपुर से 2024 लोकसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशी रहे

जावेद सिमनानी ने भी बसपा छोड़कर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में आस्था व विश्वास जताते हुए समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। श्री सिमनानी पिछले 20 वर्ष से बसपा के संगठन में महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं।

भाजपा व बसपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं का स्वागत करते हुए श्री अखिलेश यादव ने नए साथियों के आने से पार्टी को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई। समाजवादी पार्टी में शामिल सभी लोगों ने 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को प्रचंड जीत दिलाने और हाल के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों की जीत के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष व गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी जफर अमीन डक्कू, जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र भूषण निषाद व चंदौली जनपद के जिला उपाध्यक्ष परवेज अहमद भी मौजूद रहे।

# पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हुए अखिलेश



बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने पुलिस हिरासत में मारे गए मोहित पाण्डेय के परिवार तक आर्थिक मदद भेजी। विधायक रविदास मेहरोत्रा एवं लखनऊ उत्तरी क्षेत्र से प्रत्याशी रही सुश्री पूजा शुक्ला ने 28 अक्टूबर को मोहित पाण्डेय के परिवार में उनकी मां तथा पत्नी को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव की ओर से 1 लाख रूपए का चेक सौंपा।

समाजवादी पार्टी के नेताओं ने पीड़ित परिवार को धैर्य बंधाया और उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी भाजपा सरकार और पुलिस के अन्याय, अत्याचार के खिलाफ संघर्ष में सदैव आगे रही है और स्वर्गीय मोहित पाण्डेय के परिवार को भी न्याय दिलाने तक लड़ाई जारी रहेगी।

आर्थिक मदद पहुंचाने गए प्रतिनिधिमंडल के साथ सर्वश्री राजेन्द्र यादव पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत, शकील नदवी प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, फखरूल हसन चांद प्रवक्ता, विकास यादव, गौतम रावत, ज्ञानेश्वर पाण्डेय, सूरज वर्मा, ललित तिवारी एडवोकेट, वैभव मिश्रा, शैलेन्द्र लोधी, सुधीर मौर्य तथा शब्बीर अहमद शामिल रहे।

# कश्मीरियों ने अखिलेश जी का गर्मजोशी से किया स्वागत





राजेन्द्र चौधरी

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा को पता नहीं किस बात का घमंड रहता है। जब तक ऊंट पहाड़ के नीचे नहीं आता है तब तक उसे भी अपनी ऊंचाई का घमंड रहता है। श्रीनगर कश्मीर में इतने ऊंचे-ऊंचे पहाड़ है लेकिन मानव जरा सी ऊंचाई पर पहुंचता है तो घमंड में चूर हो जाता है।

जम्मू कश्मीर यात्रा के दौरान इस वार्ता क्रम में श्री अखिलेश यादव के साथ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी भी थे।

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में चुनाव के बाद नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष श्री उमर अब्दुल्ला को 16 अक्टूबर 2024 को जब उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा ने मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई तब इंडिया गठबंधन के सभी प्रमुख नेता उन क्षणों के साक्षी बने। इनमें भी उत्तर प्रदेश से समाजवादी पार्टी के

राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव सभी के विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। जैसे ही शपथ ग्रहण स्थल श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर हाल में अखिलेश जी पहुंचे नवनिर्वाचित विधायकों सहित सभी ने खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।

श्री अखिलेश यादव 15 अक्टूबर 2024 की शाम ही श्रीनगर पहुंच गए थे। उनके आगमन की खबर आग की तरह फैलते ही उनका हर रास्ते पर, जहां से वे गुजरे, स्थानीय बाशिंदे उनका अभिवादन करते दिखाई दिए। दो दिन वे अखिलेश जी से मिलने के लिए कतार लगाए रहे। नौजवान तो बड़ी संख्या में उनके स्वागत में घंटों खड़े रहे। कश्मीर के नेताओं, विधायकों सहित आम जन सभी के चेहरों पर अखिलेश जी को देखने भर से उनकी आंखों में जो चमक थी उसमें भारत के भविष्य का नेतृत्व झलकता था।

श्री अखिलेश यादव की डल झील के किनारे रुकने की व्यवस्था थी। देर रात तक और अगले दिन सुबह तक कश्मीर के नौजवानों का समूह उनके दीदार के लिए डटा रहा।

कश्मीर में नौजवानों की बेरोजगारी चरम पर है। यहां के नौजवान रोटी-रोजगार के लिए देश भर में घूमते रहते हैं। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में समाजवादी सरकार के समय अखिलेश यादव जी ने अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में शानदार गोमती रिवरफ्रंट का निर्माण कराया था। यहां सड़क के किनारे कश्मीरी युवक ड्राईफ्रूट बेचते मिल जाएंगे।

वैसे आजकल भाजपा सरकार में उन्हें बार-बार अपमानित होना पड़ता है। उनके ड्राईफ्रूट सड़क पर बिखेर दिए जाते हैं और उनसे अभद्रता की जाती है।

कश्मीरियों ने जिस गर्मजोशी से अखिलेश जी का स्वागत अभिनंदन किया, वाकई वह बहुत स्मरणीय है। नौजवानों ने 'अखिलेश यादव साहब आगे बढ़ो,' 'अखिलेश साहब कदम आगे बढ़ाओ, यह देश तुम्हारा है।' नारे लगा रहे थे। ऐसा लगता था जैसे नौजवानों ने कश्मीर का भविष्य भी अखिलेश यादव जी के साथ जोड़ रखा है। उन्हें उम्मीद है कि उनके मसलों का समाधान यही 'युवाहृदय सम्राट' करेगा।

श्रीनगर के धानेपुर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक मुश्ताक गुल अखिलेश जी से मिलने आए। उनका कहना था कि यहां कारोबार ठप है। सेब का मुख्य कारोबार है पर उस पर भी संकट है। जनता के हित में कोई योजना नहीं बनी है।

कश्मीर में सेब, अंगूर, केसर, अखरोट, चेरी और दूसरे फलों की खेती यहां के लोगों के जीवनयापन का मुख्य साधन है। कश्मीरी शाल, कालीन के अलावा यहां का रेशम



उद्योग भी बहुत प्रसिद्ध है। कश्मीर में मुख्य आय स्रोत पर्यटन है। इस सुंदर भू-भाग में कई सुंदर, आकर्षक स्थान हैं। डल झील में पर्यटक शिकारे में रुकते हैं जो जल में तैरते आवास हैं।

पानी में तैरते बोट हाउस और किश्तियों में लगती सब्जीमंडी के अलावा डल झील में संगीत नृत्य की महफिल का आनन्द लिया जा सकता है। लोग आवागमन के साधन में साइकिलों का भी खूब इस्तेमाल करते हैं। झेलम नदी पर हेरीटेज ब्रिज है। यहां चिनार के वृक्ष बहुत खूबसूरत लगते हैं। सैकड़ों वर्षों से चार चिनार के पेड़ खड़े हैं जिनको देखने आज भी बड़ी संख्या में लोग आते हैं।

श्री अखिलेश यादव ने जब बताया कि उन्होंने अपने सैफई गांव में भी कश्मीर के चिनार के पेड़ लगाए थे, जो आज भी लहलहा रहे हैं तो खुद फारूख अब्दुल्ला साहब को बहुत ताज्जुब हुआ।

श्री अखिलेश यादव गुपकार रोड़ से भी गुजरे जहां डॉ फारूख अब्दुल्ला नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष, उमर अब्दुल्ला नए मुख्यमंत्री और जम्मू कश्मीर के राजा हरि सिंह जी का भी आवास है। अब वह डॉ कर्ण सिंह जी का आवास है जो पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा जम्मू कश्मीर के सदर-ए-रियासत थे। इस क्षेत्र में ट्यूलिप गार्डेन, चश्माशाही निशात, शालीमार बाग, मुगल गार्डेन भी दर्शनीय स्थल हैं।कश्मीर की प्रसिद्ध डल झील, गुलमर्ग, मुगल गार्डेन, निशात-बाग, शालीमार बाग के अलावा पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र सोनमर्ग, पहलगाम हैं। नागिन जैसे सुंदर सरोवर हैं और विशाल वुलर झील है जो अपने मीठे पानी के लिए जानी जाती है।

श्री अखिलेश यादव गांदरबल लेह हजरत बल मस्जिद के रास्ते से हरिपर्वत किला देखने भी पहुंचे जो कभी कश्मीर की राजधानी रहा था। डोगरा शासन का भी यह किला गवाह बना हुआ है। हरि पर्वत श्रीनगर में डल झील के पश्चिम में है। कहते हैं कि यहां किले का निर्माण तो 18वीं शताब्दी में एक





अफगान गवर्नर ने कराया था, मुगल सम्राट अकबर ने 1590 ई में किले की चहारदीवारी बनवाई थी। वर्तमान में इस किले पर जम्मू-कश्मीर पुरातत्व विभाग का नियंत्रण है।

यह दुर्गम किला निर्जन स्थान पर है और इसके रास्ते में 400 से ज्यादा सीढ़ियां हैं जिन्हें पार करके ही किले के अन्दर जा सकते है। यहां बड़गांव जिले में श्री अखिलेश जी के सम्मान में छोटी-मोटी संगीत सभा भी जुटी जिसमें जनाब जहूर अहमद के संतूर वादन के समय मटका पर रूफ अहमद संगत कर रहे थे। यहां कश्मीरी फोक म्यूजिक के कई रंग जमे।

कश्मीर के कहवा के क्या कहने। यह वहां का गर्म पेय पदार्थ है। इसका सेवन सभी जरूर करते हैं। यहां के अतिथियों को भी कहवा का स्वाद चखने को मिला। कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा जाता है। फारसी में मुगल बादशाह जहांगीर का यह कथन बहुत चर्चित है-"गर फिरदौस बर रुए जमीं अस्त। हमीं अस्त, हमीं अस्त, हमीं अस्त।" यानी "इस पृथ्वी पर यदि कहीं स्वर्ग है तो यही हैं, यहीं है, यहीं है।" कश्मीर सदियों तक संस्कृति, दर्शन के साथ सूफी संतों के लिए भी प्रसिद्ध रहा है।

श्री अखिलेश यादव कश्मीर के सौंदर्य के साथ पर्यावरण के प्रति भी संवेदनशील दिखे। उन्होंने इस संबंध में दिलचस्पी ली। अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में तो श्री अखिलेश यादव ने लखनऊ में जनेश्वर मिश्र पार्क बनाया जोकि लंदन के हाइड पार्क से तुलना में कम नहीं है। श्री अखिलेश यादव ने श्रीनगर यात्रा में गहरी छाप छोड़ी है। उनकी इस यात्रा से वहां समाजवादी साथियों में भी नए उत्साह का संचार हुआ है। नौजवान और आम लोगों ने अखिलेश जी में जो रूचि ली है उससे उम्मीद बंधती है कि जम्मू कश्मीर में समाजवादी पार्टी वैचारिक राजनीति की मजबूत दावेदार बनेगी।

**(लेखक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री हैं)**



## भाजपा राज

# यूपी में अराजकता पुलिस निरंकुश



बुलेटिन ब्यूरो


भाजपा राज में उत्तर प्रदेश में अराजकता फैली हुई है। पुलिस बेलगाम हो चुकी है और उसे मनमानी करने की छूट मिली लगती है इसीलिए आए दिन पुलिस हिरासत में मौतें हो रही हैं। फर्जी एनकाउंटर को लेकर बदनाम पुलिस अब हिरासत में बेकसूर लोगों की जान ले रही है और सरकार के मुखिया फिजूल और समाज को तोड़ने वाली बयानबाजी में मशगूल हैं। पुलिस की निरंकुशता से स्पष्ट हो रहा है कि भाजपा पुलिस के बल पर सरकार चलाना चाह रही है। गाजियाबाद में विद्वान अधिवक्ताओं पर बेरहमी से लाठीचार्ज की घटना बता रही है कि लाठी के जोर पर भाजपा अपने विरोध में उठने वाली आवाज को दबाना चाह रही है। यूपी के तमाम जिलों में रोज ही लूट, हत्या की वारदातें हो रही हैं। महिलाओं व बच्चियों के साथ अपराध में इजाफा हुआ है और वे




दहशत में हैं। विभागों में भ्रष्टाचार की तमाम खबरें आ रही हैं तो पुलिस वालों को जनता से लूटने की ऐसी छूट मिली हुई है कि पुलिस वाले ही अपराध कर रहे हैं। वाराणसी में एक पुलिस इंस्पेक्टर ने एक अपार्टमेंट से जिस तरह बावर्दी पहुंचकर व्यापारियों का 40 लाख से ज्यादा लूट लिया, यह बताता है कि किस तरह की अराजकता का आलम है। कुशीनगर में ड्यूटी के दौरान पीआरडी जवान की हत्या भी कानून-व्यवस्था की पोल खोल रही है। सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर में व्यापारियों के साथ लूट की घटनाएं भी बताती हैं कि यूपी में कानून-व्यवस्था का क्या हाल है।

राजधानी लखनऊ से लेकर यूपी के तमाम जिलों में रोजाना ही अपराधी ऐसी-ऐसी घटना को अंजाम दे रहे हैं कि रूह कांप जा रही है। अपराधियों पर पुलिस का कोई खौफ नहीं रह गया है। समाजवादी सरकार में शुरू हुई डायल 100 जोकि अब 112 हो गई है को भाजपा सरकार ने ऐसा ध्वस्त किया है कि अब उससे पीड़ितों को कोई मदद नहीं मिल रही है।

चित्रकूट में अस्पताल से घर जा रही नर्स से




सामूहिक बलात्कार की घटना ने दहला दिया। बलात्कार के बाद बदमाशों ने नर्स को रेलवे लाइन पर फेंक दिया। कानपुर में महिला पुलिसकर्मी के साथ दुष्कर्म की घटना भी सरकार की नाकामी जाहिर करती है। कानपुर में ही एक महिला की दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव जिलाधिकारी आवास परिसर में मिलने से जाहिर है कि भाजपा सरकार में बदमाश बिल्कुल ही बेखौफ हो गए हैं। अधिकारियों के नाक के नीचे ही वे अपराध को अंजाम दे रहे हैं और अधिकारी व पुलिस अनजान बनी हुई है। भाजपा सरकार महिलाओं, बहन, बेटियों को सुरक्षा देने में नाकाम है। लगातार हो रही अपराध की घटनाओं से महिलाएं, बेटियां दहशत में है।

भाजपा सरकार में प्रदेश में ऐसी अराजकता है कि कानून और संविधान का शासन खत्म हो गया है। भाजपा सरकार के पूरे कार्यकाल को देखने पर स्पष्ट होता है कि वह बदले की भावना से कार्य कर रही है। राजनीतिक विरोधियों के साथ अन्याय और दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई की गई है।

सरकार ने द्वेष भावना से लोगों के घरों को गिराया और निर्दोष लोगों के घर-परिवार को उजाड़ा। सत्ता की ताकत के अहंकार के कारण भाजपा सरकार में नैतिकता और मानवीयता भी नहीं बची है। कई जिलों में हत्याओं के घटनाएं हुई। महिलाओं और बेटियों के साथ दुष्कर्म और बलात्कार की घटनाएं लगातार हो रही है।

भाजपा सरकार में पुलिस रक्षक से भक्षक बन चुकी है। पुलिस हिरासत में हो रही मौतों ने उत्तर प्रदेश पुलिस की छवि शोषण व अत्याचार करने वाली बना दी है। हिरासत में मौतों पर उत्तर प्रदेश हर साल नए रिकॉर्ड बना रहा है। जबसे प्रदेश में भाजपा सरकार आयी है तब से हर साल पुलिस हिरासत में मौतें बढ़ती जा रही हैं।

उत्तर प्रदेश में 2021 में पुलिस हिरासत में 451 लोगों की मौतें हुई थीं। 2022 में यह आंकड़ा बढ़कर 501 हो गया। पुलिस हिरासत में मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। लखनऊ में दो सप्ताह पहले पुलिस पिटाई से विकास नगर में अमन गौतम की मौत हुई और उसके बाद मोहित पाण्डेय की हिरासत में मौत हो गयी। भाजपा सरकार और पुलिस पूरी तरह संवेदनहीनता पर उतारू है। इन्हें पीड़ितों के परिवारों का दुःख दर्द और चीख पुकार नहीं सुनाई देती है। साफ हो रहा है कि भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के इशारे पर पुलिस निर्दोष लोगों को प्रताड़ित कर रही है।

सरकार में पुलिस पूरी तरह निरंकुश हो चुकी है और आम जनता का भाजपा सरकार से भरोसा खत्म हो चुका है। पुलिस हिरासत में मौतों पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसी भी तरीके से लोगों की जान लेने को मानवता के खिलाफ मानती है। भाजपा सरकार पुलिस से हत्याएं करा रही है। सुल्तानपुर में फर्जी एनकाउंटर कराकर पहले यादव की हत्या हुई। जब सरकार पर आरोप लगे और किरकिरी हुई तो फर्जी एनकाउंटर में एक और हत्या करा दी गयी। भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। जनता आने वाले समय में इस अत्याचारी शासन का अंत कर देगी।

# बहराइच दंगे में दिखे भाजपा के नापाक मंसूबे




फोटो स्रोत : गूगल




बुलेटिन ब्यूरो

बहराइच में हुए सांप्रदायिक दंगे का सच अब सामने आ गया है। भाजपा विधायक ने ही भाजपा नेताओं पर दंगा कराने की एफआईआर दर्ज कराकर यह बता दिया कि सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के लिए भाजपा ने ही गहरी साजिश रची थी। भाजपा विधायक की एफआईआर ने भाजपा के नापाक मंसूबों को जाहिर कर दिया है कि वह प्रदेश का माहौल बिगाड़ने की साजिश कर रही थी।

बहराइच दंगे के एक वायरल वीडियो ने भाजपा की साजिश को बेनकाब कर दिया और फिर भाजपा विधायक ने अपनी ही पार्टी के नेताओं पर दंगा कराने, साजिश रचने की एफआईआर कराकर सरकार के चेहरे का नकाब हटा दिया। वीडियो से साफ हो गया है कि पुलिस ने दंगाइयों को खुली छूट दी थी। पुलिस को हटा देना या खुली छूट दे देना बड़ी साजिश का हिस्सा है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा कि हिटलर भी इसी तरह से काम करता था। अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सैनिक बनाकर आगे कर देता था। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास महंगाई, बेरोजगारी का जवाब नहीं है। वह घबराई हुई है इसीलिए दंगा करा रही है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार में बनाये गये पहले डीजीपी भाजपा सरकार और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। वह भी कह रहे हैं कि उत्तर प्रदेश की पुलिस बहुत दबाव में निष्पक्ष कार्यवाही नहीं कर पा रही है। निष्पक्ष कार्यवाही करने पर




संस्पेंड कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि भाजपाइयों ने पुलिस के भी हथकड़ी लगा दी है। भाजपा की नीयत साफ नहीं है इसीलिए किसी भी घटना पर निष्पक्ष कार्यवाही नहीं हो पा रही है।

उन्होंने कहा कि बहराइच हिंसा के मामले में हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं, जिनसे भाजपा मुंह दिखाने लायक नहीं रही है। दंगाई छुपे कैमरे के सामने सच उगल रहे हैं। भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। भाजपाई साजिश और षडयंत्र करके प्रदेश का माहौल खराब कर रहे हैं। भाजपा सरकार में न किसी की जान सुरक्षित है और न किसी का व्यापार कारोबार सुरक्षित है। सब कुछ असुरक्षित है। अपने राजनीतिक लाभ के लिए नौजवानों और युवाओं को बरगलाकर भाजपा अपने कार्यकर्ताओं से दंगे, बवाल और आपराधिक कार्य कराती है।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा के जो थोड़े बहुत समर्थक और वोटर बचे हैं भाजपा का ये षडयंत्रकारी और हिंसक रूप देखकर अब तो वे भी शर्मिंदा हैं।

# भाजपा राज में यूपी बदनाम

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि बहराइच में दंगा भाजपा ने कराया है। दंगा कराने में भाजपा के नेता शामिल हैं। भाजपा के विधायक ने खुद भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर दंगा कराने, षड्यंत्र कराने की एफआईआर कराई है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि बहराइच दंगे का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें स्पष्ट हो रहा है कि दंगा साजिश और षड्यंत्र का नतीजा है। पुलिस ने दंगाइयों को खुली छूट दी थी। पुलिस को हटा देना या खुल छूट दे देना बड़ी साजिश का हिस्सा है। श्री यादव ने कहा कि हिटलर भी इसी तरह से काम करता था। अपने पार्टी के कार्यकर्ताओं को सैनिक बनाकर आगे कर देता था। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास महंगाई, बेरोजगारी का जवाब नहीं है। वह घबराई हुई है, इसीलिए दंगा करा रही है। भाजपा आरक्षण छीन रही है। संविधान के अनुसार आरक्षण की जो व्यवस्था है उसे लागू नहीं होने दे रही है। निवेश के नाम पर जो झूठ फैलाया था उसका पर्दाफाश हो गया है। कहीं उद्योग कहीं कारखाना नहीं लगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अगर कोई काम किया होता और निवेश लाया होता तो दिखाई देता लेकिन कहीं भी कोई उद्योगधंधा और कारखाना लगता दिखाई नहीं दे रहा है। बिजली महंगी है। किसान को खाद नहीं मिल रहा है। फसलों की खरीद की कोई व्यवस्था नहीं है। सड़कों पर जानवर घूम रहे हैं। पिछड़े, दलित, अलपसंख्यक और गरीब लोगों के साथ अन्याय और अत्याचार हो रहा है। महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। कानून व्यवस्था जीरो हो गई। हालात यह है कि महिला पुलिसकर्मी तक सुरक्षित नहीं हैं। कानपुर में महिला कांस्टेबल के साथ भी घटना हो गई है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार में बनाए गए पहले डीजीपी, भाजपा सरकार और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। वह भी कह रहे हैं कि उत्तर प्रदेश की पुलिस बहुत दबाव में निष्पक्ष कार्यवाही नहीं कर पा रही है। निष्पक्ष कार्यवाही करने पर संस्पेंड कर दिया जाता है। ऐसा लगता है कि भाजपाइयों ने पुलिस के भी हथकड़ी लगा दी है। भाजपा की नीयत साफ नहीं है इसीलिए किसी भी घटना पर निष्पक्ष कार्यवाही नहीं हो पा रही है। देश में सबसे ज्यादा पुलिस हिरासत में मौतें उत्तर प्रदेश में हो रही हैं। सबसे ज्यादा फर्जी एनकाउण्टर उत्तर प्रदेश में हो रहे हैं। भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को कस्टोडियल डेथ और फेक एनकाउण्टर में नंबर वन बना दिया है।

अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में महिलाएं एवं बच्चियां सर्वाधिक अपमानित एवं असुरक्षित हैं। महिला सशक्तीकरण केवल नारा रह गया है। महिला सुरक्षा को लेकर भाजपा सरकार के सारे दावे झूठे है। तर्क और ठोस तथ्यों के आधार पर वह अपनी एक भी उपलब्धि गिना नहीं सकती है। समाजवादी पार्टी की सरकार के समय किए गए कामों को झुठलाने का कोई भी प्रयास सफल नहीं होने वाला है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार सामाजिक सौहार्द को खत्म कर बारूदी सुरंग बिछा रही है। एनकाउंटर वाली सरकार का काउंटडाउन शुरू हो गया है। इसीलिए वे

घबराये है। उनकी भाषा बदल गयी है। इतने घबराये हैं कि अधिकारियों को अपना पदाधिकारी समझ रहे हैं लेकिन अधिकारी और सरकार के लोगों को शायद यह नहीं पता है कि जनता अब उनके साथ नहीं है। जनता भाजपा के खिलाफ है। जब जनता खिलाफ है तो अधिकारी क्या करेगा। मुख्यमंत्री जी की भाषा कैसी हो गयी है और वे क्या-क्या बोल रहे हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि अभी पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर जिस तरह की टिप्पणी की और सवालिया निशान लगाया है वैसा किसी सरकार के साथ नहीं हुआ। पहली बार सुप्रीमकोर्ट ने बुलडोजर कार्यवाही के खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकार पर 25 लाख रुपये का भारी भरकम जुर्माना लगाया है और साथ में अधिकारियों के खिलाफ भी कार्यवाही का निर्देश दिया है। यही नहीं जजों ने कहा कि यह सरकार बहुत अहंकारी है। ऐसा लगता है कि यूपी में कानून का राज समाप्त हो गया है। उत्तर प्रदेश में शक्ति और सत्ता का दुरुपयोग हो रहा है। रातों रात बुलडोजर से घर नहीं गिराया जा सकता है। उत्तर प्रदेश में जंगल राज और अराजकता है।

आज जिन्हें मृदुभाषी होना चाहिए वे वाचाल और कटुभाषी बन गये हैं। जिन्हें सत्य वचन बोलना चाहिए वे झूठे प्रचारक बन गये हैं। जिन्हें अभय का निवारण करना चाहिए वे भय बांट रहे हैं। जिन्हें परोपकार करना चाहिए वे अत्याचारी बन गए हैं। जिनका काम सरकार चलाना होना चाहिए वे बुलडोजर चला रहे हैं। सरकार विकास की प्रतीक होनी चाहिए लेकिन विनाश की प्रतीक बन गयी है।





# सपा को मिल रहा PDA का भारी समर्थन

बुलेटिन ब्यूरो

उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को होने जा रहे उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के चुनाव अभियान में उतर जाने के बाद लोकसभा चुनाव 2024 की तरह ही समाजवादी पार्टी के पक्ष में PDA के भारी समर्थन से जबरदस्त उत्साह का माहौल है।

पिछड़ा-दलित व अल्पसंख्यक समुदाय के साथ मिलकर सर्वसमाज महंगाई, भ्रष्टाचार, तानाशाही के खिलाफ समाजवादी पार्टी को जिताने के लिए तैयार है। श्री अखिलेश यादव ने कुन्दरकी, सीसामऊ, फूलपुर, करहल, खैर, गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्रों में समाजवादी पार्टी व इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं कर PDA में उत्साह ला दिया है।

राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि यदि उपचुनाव निष्पक्ष हुए तो समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव की तर्ज पर ही भाजपा को फिर परास्त करेगी।

दरअसल PDA की एकजुटता को देखकर भाजपा में घबराहट फैल गई है और उसने चुनाव जीतने के लिए मनमानी और अधिकारियों का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है।

लोकसभा चुनाव 2024 में देश-दुनिया ने PDA की एकजुटता की ताकत देखी। उस चुनाव में PDA ने समाजवादी पार्टी के पक्ष में जबरदस्त मतदान कर उसे देश की तीसरी बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित करते हुए यह साफ संदेश दे दिया था कि अधिकार को हासिल करने के लिए वे जागरुक और एकजुट हो चुके हैं।

जाहिर है PDA की एकता के बल पर लोकसभा चुनाव में हार चुकी भाजपा और उसके नेताओं को यह रास नहीं आ रहा है और वे PDA पर लांछन लगाने व अपमानित करने में जुट गए हैं। PDA को मुख्यमंत्री ने जिस तरह दंगाई व अपराधी बताया है उससे भाजपा के प्रति PDA का गुस्सा और बढ़ गया है और उसने सभी 9 विधानसभा सीटों के उपचुनाव में भाजपा को करारी शिकस्त देने की ठान ली है।

उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव की चुनावी सभाओं में उमड़ती भीड़ भी गवाही दे रही है कि PDA के पक्ष में लहर चल रही है।

अपनी चुनावी जनसभाओं में श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा PDA से घबराई है। मुख्यमंत्री जी PDA से नफरत करते हैं। पिछड़ों, दलितों, आदिवासी, अल्पसंख्यक भाइयों, माताओं-बहनो से नफरत करते हैं। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन और PDA ने भाजपा को बुरीतरह से हराया। जनता ने इंडिया गठबंधन और PDA की रणनीति का समर्थन किया। प्रशासन ने बेईमानी न की होती तो समाजवादी पार्टी के सीटों की संख्या और बढ़ जाती।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव में सावधान रहना है। PDA की रणनीति समाजवादी पार्टी को जिताएगी। हम जुड़ेंगे तो जीतेंगे। इसीलिए मुख्यमंत्री जी घबराए हुए हैं और PDA के बारे में अनाप शनाप बोल रहे हैं। ये वही लोग है जिन्होंने हमारे जाने के बाद मन्दिर धुलवाया था। हमारे हटने के बाद मुख्यमंत्री आवास धुलवाया था। ये लोग हजारों साल से PDA को अपमानित कर रहे हैं।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान हमारी शक्ति और रक्षा कवच है। संविधान PDA का प्रकाश स्तंभ बनकर चलने का रास्ता दिखाता है। P D A पाजिटिव पालिटिक्स है, जोड़ने की राजनीति है। गरीबों, वंचितों को जोड़कर आगे बढ़ने की ताकत है।

श्री यादव ने कहा कि यह उपचुनाव समाजवादी पार्टी और भविष्य का चुनाव है। जो चुनावी भाषणों में हमें माफिया, गुंडे और अपराधियों का साथ देने वाला बता रहे है, लगता है वह कभी आइना देखकर घर से नहीं निकलते हैं।

उन्होंने कहा भाजपा सरकार संविधान विरोधी कार्य कर रही है। संस्थाओं पर कब्जा कर रही है। विश्वविद्यालयों में PDA के लोगों को नौकरियां नहीं मिल रही है। उनके हक को छीना जा रहा है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और जौहर विश्वविद्यालय पर उंगली उठाने वालों को सरकार का एक्ट पढ़ना चाहिए।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जी आजकल बहुत गुस्सा दिखा रहे हैं। यह


















गुस्सा समाजवादियों और जनता पर नहीं किसी और पर है। गुस्सा इसलिए दिखा रहे हैं क्योंकि उनकी कुर्सी जाने वाली है। भाजपा के दिल्ली वालों ने तय कर दिया है कि महाराष्ट्र चुनाव के बाद मुख्यमंत्री की कुर्सी छिन जाएगी। भाजपा महाराष्ट्र हारेगी और दिल्ली वाले मुख्यमंत्री की कुर्सी छीन लेंगे।

अपनी चुनावी सभाओं में श्री अखिलेश यादव ने कहा कि हर वर्ग भाजपा के खिलाफ है। महंगाई, बेरोजगारी से सभी लोग दुःखी हैं। बूथ पर काम करिये, जनता भाजपा को हटाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

उन्होंने चुनावी अभियान के दौरान ही कुंदरकी में 11 नवंबर को चुनावी जनसभा के बाद रामपुर में राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद आजम खान साहब के घर पहुंचकर उनकी पत्नी पूर्व सांसद श्रीमती तंजीन फातिमा एवं परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात की। सबका हाल चाल लिया और सबके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

# जोड़ेगा और जीतेगा PDA



बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि PDA सबको जोड़ेगा और जीतेगा। PDA परिवार सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए सामाजिक सद्भाव के रास्ते पर चल रहा है। विधानसभा उपचुनाव में भाजपा सभी 9 सीटें हारने जा रही है।

30 अक्टूबर को हरदोई जिले के दौरे के क्रम में श्री यादव ने मीडिया के सवालों के जवाब में उपरोक्त बातें कहीं। हरदोई में उन्होंने समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजपाल कश्यप की माताजी और श्रीमती राजेश्वरी देवी पूर्व विधायक के पुत्र को श्रद्धांजलि देकर उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

हरदोई दौरे के क्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने रास्ते में तमाम स्थानों पर कार्यकर्ताओं, आम जनमानस से भेंट की। उनका कुशलक्षेम पूछा।







पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भेदभाव हो रहा है। नौजवानों को नौकरी नहीं मिल रही है। आरक्षण से खिलवाड़ हो रहा है। संविधान को कमजोर किया जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार किसी की सगी नहीं है। यह फंसाने वाली पार्टी है। भाजपा के लोग खुद जानते हैं कि भाजपा लोगों को फंसाती है। नकारात्मक राजनीति करती है। नफरत फैलाती है। भाजपा सरकार PDA की ताकत से घबराई हुई हैं इसीलिए राजनीतिक इतिहास का सबसे खराब और नकारात्मक नारा लेकर आई है।

उन्होंने कहा कि उपचुनाव में भाजपा अधिकारियों को आगे करके चुनाव लड़ रही है। चुनाव में शामिल अधिकारियों और जिलाधिकारी तक की शिकायतें हुईं। पुलिस मनमानी कर रही है।

# डिंपल जी ने थामी करहल की कमान

बुलेटिन ब्यूरो



करहल विधानसभा सीट के उपचुनाव में मैनपुरी लोकसभा की सांसद श्रीमती डिंपल यादव के निर्देशन में चुनावी अभियान चल रहा है। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी श्री तेज प्रताप यादव का जगह-जगह स्वागत हो रहा है।

श्री तेज प्रताप यादव ने 21 अक्टूबर को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो रामगोपाल यादव, राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, श्रीमती डिंपल यादव, आजमगढ़ के सांसद धर्मेन्द्र यादव की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल किया।

उसके तुरंत बाद ही श्रीमती डिंपल यादव ने प्रचार की कमान अपने हाथों में ले ली। वह मजबूती के साथ चुनाव प्रचार में डटी हुई हैं।

श्रीमती डिंपल यादव के चुनाव मैदान में डट जाने से कार्यकर्ताओं में भी काफी उत्साह है।

सादगी और शालीनता की मिसाल श्रीमती डिंपल यादव जिस तरह मतदाताओं खासतौर पर बुजुर्गों का सम्मान करती हैं, यह मैनपुरी के लोगों को खासा पसंद आता है।

सांसद डिंपल यादव करहल विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं से घर-घर जाकर जनसंपर्क कर रही हैं। महिलाओं के साथ प्रचार करने में महिलाओं की समस्याओं से भी अवगत होने का उन्हें मौका मिल रहा है। महिलाओं के बीच उनकी भारी लोकप्रियता है।

करहल उपचुनाव में भी बुजुर्ग महिलाएं उनके आदर व आत्मीयता से अभीभूत होकर विजयी भव का आशीर्वाद दे रही हैं।

करहल उपचुनाव में श्रीमती डिंपल यादव के प्रचार में उतर जाने से तय हो गया है कि इस बार परिणाम और ऐतिहासिक आएगा।

चुनाव प्रचार में डिंपल जी करहल से








समाजवादी पार्टी के लंबे जुड़ाव का जिक्र करते हुए कह रही हैं कि करहल, मैनपुरी से नेताजी और समाजवादियों का अटूट रिश्ता रहा है। यह क्षेत्र हमेशा समाजवादी पार्टी के साथ रहा। इस बार के उपचुनाव में भी करहल से समाजवादी पार्टी ऐतिहासिक वोटों से जीतेगी।भाजपा नफरत, भेदभाव, झूठ, भ्रम और उत्पीड़न की राजनीति करती है। प्रदेश की जनता भाजपा की लूट और झूठ को समझ चुकी है। भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। हर वर्ग परेशान है। सभी लोग एकजुट होकर उपचुनाव में सभी 9 सीटों पर भाजपा को हराएंगे। समाजवादी पार्टी की जीत होगी।

श्रीमती डिंपल यादव कार्यकर्ताओं और नेताओं को आगाह कर रही हैं कि हर बूथ पर निगरानी करनी है। लोकसभा चुनाव की तरह एक-एक वोट को बूथ पर पहुंचाकर डलवाना है। करहल विधानसभा का परिणाम प्रदेश की राजनीति को दिशा देगा।समाज अब जागरुक है। वह भाजपा की चालों में फंसने वाला नहीं है। भाजपा पूरी तरह नाकाम है। समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ पीडीए को एकजुट करके करहल विधानसभा का उपचुनाव ऐतिहासिक मतों से जीतेगी। भाजपा सरकार ने PDA का हक छीना है। PDA भाजपा के धोखे को समझ चुका है। भाजपा की नफरत की राजनीति के खिलाफ हर वर्ग एकजुट होकर उसे हराने का काम करेगा। लोकसभा चुनाव की तरह इस विधानसभा उपचुनाव में भी महिलाएं समाजवादी पार्टी के पक्ष में वोट करने जा रही हैं। भाजपा, समाजवादी पार्टी से घबराई हुई है इसीलिए मुख्यमंत्री जी और भाजपा के नेता भाषा की मर्यादा भूल चुके हैं।




# करहल से समाजवादियों का अटूट रिश्ता

## -अखिलेश

बुलेटिन ब्यूरो

करहल विधानसभा क्षेत्र के दिव्हुली में चौधरी नत्थू सिंह यादव डिग्री कॉलेज में पूर्व मंत्री सुभाष चन्द्र यादव के जन्मोत्सव पर 25 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में करहल से नेताजी और समाजवादियों के गहरे रिश्ते को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि करहल से नेताजी व समाजवादियों का बहुत पुराना और अटूट रिश्ता है। करहल के लोगों का प्यार हमेशा ही समाजवादियों को मिलता रहा है और करहल समाजवादियों के दिल में बसता है।

पूर्व मंत्री सुभाष चंद्र यादव के जन्मोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे श्री अखिलेश यादव का भव्य स्वागत किया गया। युवाओं ने अखिलेश के समर्थन में नारे लगाए तो बुजुर्गों ने खूब आशीर्वाद दिया।

जन्मोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि करहल से समाजवादियों का जो रिश्ता है, वह सदैव कायम रहेगा। इस बार उपचुनाव में करहल में ऐतिहासिक परिणाम आएगा। तेज प्रताप यादव ऐतिहासिक वोटों से जीतेंगे। उन्होंने कहा कि इस उपचुनाव में PDA परिवार ने संकल्प लिया है कि करहल में भाजपा की हार का रिकॉर्ड बनेगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा जानती है कि वह करहल और मिल्कीपुर कभी नहीं जीत पाएगी। मिल्कीपुर में तमाम प्रयासों के बावजूद इंटरनल सर्वे में हार रही है इसीलिए वहां चुनाव टाल दिया। भाजपा के लोग करहल का भी गणित जानते हैं कि वे हार रहे हैं।

श्री यादव ने कहा कि करहल की जनता से अपील की कि वह इतने रिकार्ड वोटों से भाजपा को हराएं जिससे भाजपा दुबारा कभी चुनाव लड़ने की न सोचे।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि उपचुनाव के तुरन्त बाद विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो जाएगी। प्रदेश में भाजपा की सरकार जाने वाली है। यूपी के बाहर जाते ही भाजपा देश से भी बाहर हो जाएगी। इंडिया गठबंधन ने लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश





में भाजपा को हराया है। हम भाजपा को हराने का फार्मूला जान गए हैं। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की हार से भाजपा वालों की नींद उड़ गई है। जब वे एक करवट सोते हैं तो उत्तर प्रदेश की हार याद आती है और दूसरी करवट सोते हैं तो अयोध्या की हार याद आ जाती है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार प्रदेश की अब तक की सबसे भ्रष्ट सरकार है। भाजपा के लोगों ने उत्तर प्रदेश को खोखला कर दिया है जिले से लेकर प्रदेश के हर विभाग में लूट मची है। बजट की लूट हो रही है। श्री यादव ने कहा कि इस सरकार ने किसानों, नौजवानों, व्यापारियों सभी को धोखा दिया है। मंडियों को बर्बाद कर दिया। सड़कों का निर्माण बेहद घटिया स्तर का है। ठेकेदार और अधिकारी मिलकर बजट लूट रहे हैं। इस सरकार में जिन सड़कों का निर्माण हुआ था सब टूट गयी। समाजवादी सरकार में बनी सड़कें अभी भी उसी तरह मजबूत है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जैसा भ्रष्टाचार कभी किसी ने नहीं देखा होगा। पिछले दिनों एक अधिकारी के घर से चोरी की खबर आई। चोरी कोई हजारों, लाखों में नहीं कई करोड़ों में थी लेकिन उसकी जांच नहीं हो रही है। एक जिलाधिकारी का आडियो वायरल हुआ जिसमें वह कमीशन तय करते सुने जा रहे थे। जिलाधिकारी से लेकर हर जगह भ्रष्टाचार हो रहा है।

श्री यादव ने कहा कि सड़कों पर छुट्टा जानवर घूम रहे हैं। इन छुट्टा जानवरों के हमलों से प्रदेश में सैकड़ों मौतें हो चुकी हैं। पिछले विधानसभा चुनाव के समय प्रधानमंत्री जी ने एक सप्ताह में छुट्टा जानवरों की समस्या के समाधान करने का वायदा किया था लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ। भाजपा सरकार में किसान समस्याओं से घिरा हुआ है। उसे कोई सुविधा नहीं मिल रही है। डीएपी और अन्य खाद नहीं मिल रही है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और नेताजी ने हमेशा गांव, गरीब और किसान के लिए काम किया। समाजवादी नीतियों से ही गांव और किसानों का विकास हो सकता है और खुशहाली लाई जा सकती है। अंत में सभी सरकारों को समाजवादी नीतियों पर ही काम करना होगा।




फ़ोटो स्रोत : गूगल

# सरकारी मशीनरी के दम पर चुनाव लड़ रही भाजपा

बुलेटिन ब्यूरो

उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव में भी आदत के मुताबिक भाजपा सरकार ने प्रशासन के जरिये मनमानी शुरू कर दी है। भाजपा सरकार येन-केन-प्रकारेण यह चुनाव जीतना चाहती है ताकि खिसक चुकी राजनीतिक जमीन को बचाये रखने का भ्रम पैदा कर जनता को गुमराह किया जा सके। चुनाव जीतने के लिए भाजपा सरकार ने अधिकारियों को आगे कर रखा है और हद दर्जे की मनमानी की जा रही है। पहले की तरह इस चुनाव में भी समाजवादी पार्टी सजग और सतर्क है ताकि भाजपा धांधली न कर सके। इसके लिए समाजवादी पार्टी लगातार तथ्यों के साथ चुनाव आयोग से शिकायत कर रही है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री



अखिलेश यादव हमेशा ही आगाह करते रहे हैं कि चुनाव में भाजपा किसी भी हद तक धांधली कर सकती है। पूर्व के अनुभव बताते हैं कि भाजपा ने हमेशा ही चुनाव की निष्पक्षता व शुचिता को दागदार किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा की ओर से चुनाव आयोग को निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग से संबंधित ज्ञापन लगातार सौंपे जा रहे हैं।

**18 अक्टूबर** को प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश को ज्ञापन देकर प्रदेश के उपचुनाव वाले निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के बावजूद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की संशोधित मतदाता सूची राजनैतिक दलों को उपलब्ध न कराने की शिकायत करते हुए इसे तत्काल उपलब्ध कराने की मांग की गई।

**26 अक्टूबर** को मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र को ज्ञापन देकर मांग की गई कि मुरादाबाद के मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह व मुरादाबाद के जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह तथा कुन्दरकी पुलिस थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सेहरावत को तत्काल प्रभाव से जनपद मुरादाबाद से बाहर स्थानान्तरित किया जाए।

**03 नवंबर** को मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि जनपद मुरादाबाद 29-कुन्दरकी विधान सभा उप-चुनाव क्षेत्र में 4 पुलिस थानों के पुलिस कर्मी व पुलिस प्रशासन द्वारा समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाता, कार्यकर्ताओं पर भाजपा के पक्ष में प्रचार व मतदान करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

**04 नवंबर** को मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मुरादाबाद 29 - कुन्दरकी विधान सभा उप-चुनाव क्षेत्र में थाना कुन्दरकी के थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सेहरावत व थाना मैनाठेर के पुलिस थानाध्यक्ष किरनपाल सिंह को तत्काल प्रभाव से जनपद से बाहर स्थानान्तरित कराने की मांग की क्योंकि वे वोटरों को धमका रहे हैं।

**07 नवंबर** को मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश को ज्ञापन देकर मांग की गई कि मुरादाबाद के कुन्दरकी विधान सभा उपचुनाव क्षेत्र में आन ड्यूटी और पुलिस वर्दी में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने व भाजपा पदाधिकारी के साथ पुलिस ड्रेस में फोटो खिंचवाने वाले पुलिस थाना मैनाठेर के पुलिस थानाध्यक्ष किरनपाल सिंह को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाए।

**08 नवंबर** को मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की गई कि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री व जनपद मुजफ्फरनगर में भाजपा के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार के विरूद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के सम्बन्ध में तत्काल कठोर कार्यवाही करे।

## महाराष्ट्र चुनाव

# मजबूती से डटी सपा



बुलेटिन ब्यूरो

लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा को शिकस्त देने के बाद समाजवादी पार्टी ने महाराष्ट्र व झारखंड में भी भाजपा को हराने के लिए कमर कस ली है और वहां भी चुनाव में डटकर मुकाबला कर रही है।

इन राज्यों के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी मजबूती से उतरी है और उसे जनता का व्यापक समर्थन भी मिल रहा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने भी इन राज्यों में चुनाव पर फोकस करते हुए महाराष्ट्र का दौरा किया और वहां सभा भी की।

श्री अखिलेश यादव ने 18 व 19 अक्टूबर को महाराष्ट्र का दौरा किया। वहां कार्यकर्ताओं से भेंट की। चुनावी समीकरणों व रणनीति पर वार्ता की। दूसरे दिन 19 अक्टूबर को श्री अखिलेश यादव ने धुले विधानसभा क्षेत्र में विशाल जनसभा को संबोधित किया।

जनसभा में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की तरह धुले में भी समाजवादी पार्टी का जोर दिखाई दे रहा है। वही माहौल और उसी तरह का जोश और उत्साह है। हमें पूरी उम्मीद है कि धुले से इस बार समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी ही विधानसभा में पहुंचेगा।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि महाराष्ट्र की राजनीति के साथ देश की राजनीति बदलेगी। राज्य की सरकार ने जनता को महा दुःखी किया है। महायुति की सरकार में महा भ्रष्टाचार हो रहा है। इस सरकार के लोगों ने छत्रपति शिवाजी महाराज को भी नहीं छोड़ा। उनकी प्रतिमा के निर्माण में घपला-घोटाला हुआ जिसके कारण प्रतिमा गिर गयी। इस सरकार ने छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान किया। यह चुनाव महाराष्ट्र के सम्मान को बचाने का चुनाव है। महाराष्ट्र की जनता भाजपा की सरकार को हटाकर यहां के सम्मान को बचाएगी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि महाराष्ट्र सामाजिक न्याय की कर्मस्थली है, बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की कर्मभूमि है, जो लोग संविधान को बदलना चाहते है वे याद रखें बाबा साहब की धरती और महाराष्ट्र की जनता संविधान बदलने वालों को बदल देगी।

श्री यादव ने कहा कि महाराष्ट्र की सरकार हटेगी तो दिल्ली की भी सरकार हट जाएगी। दिल्ली सरकार जाते ही बुलडोजर सरकार

और उसका अन्याय खत्म हो जाएगा। धुले में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव का स्वागत किया।

श्री अखिलेश यादव ने भारी बारिश के बीच नासिक के मालेगांव में भी चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने यहां भी समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन को भारी मतों से जिताने की अपील की। बारिश के बीच हुई चुनावी जनसभा में श्री अखिलेश यादव को सुनने और देखने के लिए भारी भीड़ जुटी।

महाराष्ट्र चुनाव में आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव, यूपी विधानसभा में नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय आजमगढ़ विधायक नफीस अहमद भी जुटे हुए हैं। सांसद धर्मेंद्र यादव ने प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी के समर्थन में सभाओं में कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में जनता का भरोसा बढ़ा है।

नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में ही संवैधानिक अधिकारों की रक्षा हो सकती है। श्री यादव महाराष्ट्र में उत्तर भारतीयों की उम्मीद हैं।

समाजवादी पार्टी के अन्य नेता व कार्यकर्ता भी महाराष्ट्र चुनाव अभियान में जुटे हुए हैं। सांसद प्रिया सरोज, पूर्व सांसद एवं विधायक तूफानी सरोज, अल्पसंख्यक सभा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद यामीन खान, पूर्व मंत्री शैलेन्द्र यादव ललई, महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती जूही सिंह, शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा आदि भी पार्टी प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार में जीजान से जुटे हैं।

झारखंड में भी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता चुनाव मैदान में डटकर भाजपा का मुकाबला कर रहे हैं। झारखंड के गढ़वा विधान सभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पूर्व मंत्री गिरि नाथ सिंह के पक्ष में चुनावी जन चौपाल कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अविनाश कुशवाहा शामिल हुए।









# खजांची का जन्मदिन और नोटबंदी पर चर्चा

बुलेटिन ब्यूरो

नोटबंदी के समय कानपुर देहात के रसूलाबाद में बैंक की लाइन में नोट बदलने के दौरान जन्में खजांची का 8वां जन्मदिन 9 नवंबर को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव की मौजूदगी में मनाया गया।

इस अवसर पर श्री अखिलेश यादव ने खजांची को लड्डू खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी। श्री यादव ने जन्मदिन पर खजांची को साइकिल भी भेंट की।

खजांची के जन्मदिन पर राज्य मुख्यालय पर बड़ी संख्या में नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने खजांची को जन्मदिन की बधाई देते हुए उपहार देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उल्लासपूर्ण तरीके से जन्मदिन मनाए जाने से प्रफुल्लित खजांची ने कविता सुनाकर तालियां बंटोरीं।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा कि खजांची जितना बड़ा हो रहा है, नोटबंदी की नाकामी उतनी ज्यादा दिखाई दे रही है।



नोटबंदी दुनिया के इतिहास में सबसे बड़े आर्थिक भ्रष्टाचार के रूप में उभर कर आई है। नोटबंदी भाजपा के भ्रष्टाचार का महासागर साबित हुई है। नोटबंदी के समय भाजपा की केन्द्र सरकार ने जितने लक्ष्य बताये थे अभी तक एक भी पूरा नहीं हुआ। नोटबंदी केवल दिखावटी बनकर रह गयी है। इसका असर स्लो प्वाइजन जैसा था।

उन्होंने कहा कि नोटबंदी ने 8 साल में किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग, नौकरी पेशा, पेशेवर लोग और छोटे दुकानदार, रेहड़ी, पटरी वाले सभी को अपना शिकार बनाया। नोटबंदी की वजह से हर वर्ग को नुकसान पहुंचा है। नोटबंदी के साथ-साथ भाजपा सरकार ने जीएसटी और अन्य जितने भी फैसले लिए उसका भी लोगों को नुकसान हुआ है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि खजांची का जन्मदिन हम लोगों से ज्यादा भाजपा को मनाना चाहिए। हम लोग खजांची का जन्मदिन इसलिए मनाते हैं कि जिससे भाजपा को याद आए कि उनके गलत फैसले की वजह से देश की जनता को तमाम तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा और खजांची का जन्म बैंक में हुआ।

उन्होंने कहा कि कम से कम उस बैंक को खजांची की पढ़ाई-लिखाई का ध्यान रखना चाहिए था जहां वह पैदा हुआ था। अगर बैंक ख्याल नहीं रख पा रही है तो भाजपा को किसी न किसी योजना में शामिल करके बच्चे के भविष्य की चिंता करनी चाहिए लेकिन भाजपा सरकार को न बच्चे के भविष्य की चिंता है और न उसकी पढ़ाई की चिंता है। खजांची के पढ़ाई और भविष्य की चिंता सिर्फ समाजवादी लोग कर रहे हैं।





# वाल्मीकि समाज के हितों का ध्यान रखेगी सपा

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने 17 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर लालबाग नूरमंजिल के पास स्थित महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

महर्षि को नमन करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि जयंती के दिन महर्षि वाल्मीकि से प्रेरणा लेते हुए उनके संकल्प पर चलने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि संकल्प लेना है कि समाज में भेदभाव, ऊंच-नीच की भावना को समाप्त किया जाए और समाज से नफरत खत्म हो।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि बिना सामाजिक न्याय के रामराज संभव नहीं है। सामाजिक न्याय के रास्ते पर चलते हुए समाजवादी पार्टी महर्षि वाल्मीकि को याद कर रही है। समाजवादी पार्टी ने हमेशा वाल्मीकि समाज को सम्मान दिया। नेताजी ने समाजवादी सरकार के दौरान वाल्मीकि जंयती पर अवकाश घोषित किया था। वाल्मीकि समाज को जो सुविधाएं मिलनी चाहिए वह नहीं मिल रही है।

उन्होंने इस अवसर पर वाल्मीकि समाज को भरोसा दिलाया कि समाजवादी पार्टी सरकार आने पर वाल्मीकि समाज को नौकरी, रोजगार के साथ सम्मान देने का काम किया जाएगा। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का कार्यकाल अन्याय, अत्याचार करने और नफरत फैलाने का रहा है। आठ साल से भाजपा सरकार बुलडोजर से तोड़फोड़ और पुलिस से अन्याय करा रही है। अब इनके जाने का समय आ चुका है।

इस अवसर पर वाल्मीकि समाज से सर्वश्री राम प्रसाद वाल्मीकि, विकास चन्द्रा वाल्मीकि, कुनाल वाल्मीकि, विशाल वाल्मीकि आदि ने भी महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# सरदार पटेल व नरेन्द्र देव को नमन



लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल और समाजवादी आन्दोलन के पुरोधा आचार्य नरेन्द्र देव की जयंती 31 अक्टूबर को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ सहित प्रदेश भर में सादगी से मनाई गई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव की ओर से पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर नमन किया।

इस अवसर पर आधुनिक भारत के निर्माता, भारत रत्न से सम्मानित लौहपुरूष सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला गया। महान समाजवादी चिंतक एवं समाजवादी आंदोलन के महानायक आचार्य नरेन्द्र देव के जीवन दर्शन को प्रेरणाप्रद बताया गया।

कार्यक्रम में सर्वश्री अनिल प्रधान पटेल विधायक, अवलेश कुमार सिंह, राज कुमार मिश्र कोषाध्यक्ष, डॉ देवेन्द्र पटेल, राधेश्याम सिंह, महेश कुमार वर्मा, जावेद अली, संजय चौधरी, मो असद तथा इन्द्रजीत तोमर आदि मौजूद रहे।

आचार्य नरेंद्र देव की लखनऊ में गोमती किनारे स्थित समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। आचार्य नरेंद्र देव जी की समाधि पर मुख्य रूप से लखनऊ मध्य के विधायक रविदास मेहरोत्रा, कार्यक्रम की आयोजिका आचार्य नरेंद्र देव जी की पौत्र वधू श्रीमती मीरा वर्धन, श्री यशवर्धन, पौत्र देवक वर्धन, समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष फकीर सिद्दीकी आदि ने भी आचार्य नरेंद्र जी की समाधि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बेनी बाबू के परिजनों से मिलकर संवेदना जतायी



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने 16 अक्टूबर को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री राकेश वर्मा के बाराबंकी आवास पहुंचकर उनकी माता श्रीमती मालती वर्मा को श्रद्धांजलि दी।

श्रीमती मालती वर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा की धर्मपत्नी थीं। श्री अखिलेश यादव ने श्रीमती मालती वर्मा के निधन पर गहरा शोक जताते हुए परिवारीजनों से शोक संवेदना प्रकट की।

पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की पत्नी व पूर्व मंत्री राकेश वर्मा की माता श्रीमती मालती वर्मा का 12 अक्टूबर की सुबह निधन हो गया था। वह 80 वर्ष की थीं।

श्री अखिलेश यादव के साथ गये पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्री राकेश वर्मा पूर्व मंत्री, श्री अरविन्द सिंह गोप, विधायक धर्मराज यादव 'सुरेश', गौरव रावत, समाजवादी पार्टी बाराबंकी के जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज, पूर्व एमएलसी राजेश यादव, समाजवादी पार्टी गोंडा लोकसभा से प्रत्याशी रहीं श्रेया वर्मा समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



# साफ़ और बेबाक



**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

Socialist Leader of India. Chief Minister of UP (2012 - 2017)

---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

जिनका नज़रिया जैसा, उनका नारा वैसा!

#जुड़ेंगे_तो_जीतेंगे
#सकारात्मक_राजनीति

---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

भाजपा की अहंकारी सरकार अगर ये सोच रही है कि वो इलाहाबाद में UPPSC के सामने से आंदोलनकारी अभ्यर्थियों को हटाकर, युवाओं के अपने हक़ के लिए लड़े जा रहे लोकतांत्रिक आंदोलन को ख़त्म कर देगी, तो ये उसकी 'महा-भूल' है। आंदोलन तन से नहीं मन से लड़े जाते हैं और अभी तक वो ताक़त दुनिया में नहीं बनी जो मन को हिरासत में ले सके।

जुड़ेंगे तो जीतेंगे!

---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

ये हैं भाजपा राज में 'बेटियों' के हालात
सड़क पर आना पड़ा लेकर तख़्ती हाथ

जुड़ेंगे तो जीतेंगे!

बेटी-बेटा कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा!

---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

भाजपा के एजेंडे में सिर्फ़ 'चुनाव' है और भाजपा राज में अभ्यर्थियों के हिस्से में आया सिर्फ़ 'तनाव' है।

युवा कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा!

जब भाजपा जाएगी
तब नौकरी आएगी

---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

रिकार्ड तोड़ महँगाई = भाजपाई मुनाफ़ाख़ोरी

और कुछ नहीं कहना है।

Translate post



---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

'सीसामऊ' भाजपा को शीशा भी दिखाएगा और आईना भी।

नाइंसाफ़ी की भी एक उम्र होती है, नहीं तो आज तक अच्छाई जिंदा नहीं रहती। भाजपा याद रखे न तो अन्यायी अमर होते हैं न अन्याय!

Translate post



---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

जबकि करहल में चुनाव हैं तब भी खाद नहीं मिल रही बाक़ी राज्य के हालात कैसे होंगे कहने की ज़रूरत है क्या?

---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

आज सीसामऊ में 'लालइमली' के संदर्भ में मिले ज्ञापन के संदर्भ में हम ये आश्वासन देते हैं कि उनकी समस्याओं का समाधान होगा और सरकार आनेपर उनकी सभी माँगे पूरी होंगी। हमारी 'लाल टोपी' और 'लालइमली' का एक संवेदनात्मक संबंध है।

---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

क़ानून-व्यवस्था का बैठा भट्टा
अब खेतों तक जा पहुँचा कट्टा

Translate post

**गोरखपुर...धान की फसल काटने पर दो पक्षों में विवाद:** पिस्टल लहराकर जान से मारने की धमकी, पुलिस ने दर्ज किया केस

गोरखपुर | 1 घंटे पहले



---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

हो एक शिफ़्ट एक एग्जाम
यही एकजुट युवा की माँग

ये हास्यास्पद है कि देश-प्रदेश के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक हालातों को 'एब्नार्मल' कर देनेवाले भाजपाई 'नॉर्मलाइज़ेशन' की बात कर रहे हैं। ये युवाओं के वर्तमान के साथ भद्दा मज़ाक़ है, भविष्य की तो बात ही छोड़ दीजिए।

युवक-युवती कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा!

जब भाजपा जाएगी
तब नौकरी आएगी!



Following

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

अब हर हाथ में तिरंगा लहराएगा!
भाजपा का ज़ुल्म सहा न जाएगा!

युवा विरोधी भाजपा का छात्राओं और छात्रों पर लाठीचार्ज बेहद निंदनीय कृत्य है। हम युवाओं के साथ हैं!

इलाहाबाद में UPPSC में धांधली को रोकने के लिए अभ्यर्थियों ने जब अपनी माँग बुलंद की तो भ्रष्ट भाजपा सरकार हिंसक हो उठी।

हम फिर दोहराते हैं : नौकरी भाजपा के एजेंडे में है ही नहीं।

जब भाजपा जाएगी
तब नौकरी आएगी!

युवा कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा!

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

क्या अलग-अलग दिन हो रहे चुनावों में भी भाजपा नॉर्मलाइज़ेशन का फ़ार्मूला लगाएगी।

अभिभावक कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा!

जब भाजपा जाएगी
तब नौकरी आएगी

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

डरे हुए इंसान की सबसे बड़ी पहचान होती है उसकी नकारात्मक बातें। जिनके पास अपनी कोई उपलब्धि नहीं होती वो दूसरों की बात करते हैं। नकली मुस्कान असलियत नहीं छुपा सकती।

अगर प्रतिशत में समझो तो 'सौ की सौ'
भाजपा उपचुनाव में हार रही 'नौ की नौ'

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

जुर्माना लगानेवाली सरकार पर ही कोर्ट जुर्माना लगा रहा है... भाजपा राज में उप्र में फैली अराजकता का कोई और सबूत चाहिए क्या। अब क्या भाजपा सरकार ख़ुद पर बुलडोज़र चलवाएगी।

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

ये 8 साल पहले लगी नोटबंदी की लाइन नहीं है कल की तस्वीरें हैं जहाँ किसान और उनके परिवारवाले खाद पाने की उम्मीद में लाइनें लगाकर बैठे हैं।

भाजपा, पहले तो केवल बोरी में चोरी करती थी अब तो बोरी ही चोरी हो गयी है।

बिक रही है 'खाद' ऊँचे दाम में
भ्रष्ट भाजपाइयों के गोदाम में!

Translate post



**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

भाजपा PDA से इतना डर गयी है कि DAP के अंदर भी उन्हें अक्षरों के हेर-फेर से पीडीए ही दिखता है।

रचनात्मक जनता और कार्यकर्ताओं ने इसे समझ लिया है। जनता और कार्यकर्ताओं की इस जागरूकता की जितनी सराहना की जाए कम हैं।

जब PDA की सत्ता आएगी
तब ही DAP मिल पाएगी!

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

उसने 'घर' का मतलब भला क्या है जाना
जिसने सियासत की गद्दी को घर है माना

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

अब इंसाफ़ की उम्मीद या तो न्यायालय से है या आनेवाली अगली PDA सरकार से है।

Translate post



**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

अब तक तो डरे हुए थे, अब हिले हुए भी हैं।

हे कृष्ण-कन्हैया, नंद-गोपाल
जिनकी संपत्ति दंभ-अहंकार!
न्याय विरुद्ध हैं जिनके 'काम'
उनको माफ़ करना घनश्याम
पराजय काले विनाश-विनाश
मुँह से निकले 'अनाप-शनाप'
शब्द हैं जिनके विष के बाण
जो आस्तीन में हैं पाले साँप
उनको भी सन्मति दे भगवान
हम करें प्रार्थना हे राधेश्याम
भय वितरक को दें अभयदान
'शब्द' हों उनके नाम-समान!

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

- एक पत्रकार की हत्या
- पत्रकारों पर दबाव बनाना
- पत्रकारों को महीना बाँधना
- पत्रकारों पर एफ़आइआर कराना
- पत्रकारों को निर्वस्त्र करके मारना
- पत्रकारों को अवांछित पेयपान कराना

भाजपा राज में मीडिया के 'मनोबल के एनकाउंटर' का हर हथकंडा अपनाया जा रहा है।

मीडिया कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा!

पंजीकृत डाक पंजीकरण संख्या GPO/LW/NP-300/2024-2026 कुल पृष्ठ : 52 डिस्पैच तिथि : 15, 16, 17

# PDA का परचम

'PDA' का परचम पूरे देश में लहराएंगे
अपनी-अपनी, अपनी सरकार बनाएंगे

रहा नहीं वो वक़्त पुराना
अब PDA ने मिलकर ठाना
अरे रहा नहीं वो वक़्त पुराना
PDA ने मिलकर ठाना
अब तक औरों की बनवाई
अब अपनी सरकार बनाएंगे
अब हम परिवर्तन लाएंगे
अपनी सरकार बनाएंगे
अब हम परिवर्तन लाएंगे
अपनी सरकार बनाएंगे
PDA का परचम पूरे देश में लहराएंगे
PDA का परचम पूरे देश में लहराएंगे

अब जो हक़ हमारा मारेंगे
तो जोड़ के हाथ न माँगेंगे
हम बाँध के मुट्ठी तानेंगे
क्या एकता की होती ताक़त
अब दुनियावाले जानेंगे
हक़ लेकर ही हम मानेंगे
अब हम परिवर्तन लाएंगे
अब हम परिवर्तन लाएंगे
अपनी सरकार बनाएंगे

सरकार बनाएँगे
परिवर्तन लाएंगे
सरकार बनाएँगे
हम परिवर्तन लाएंगे

अरे रहा नहीं वो वक़्त पुराना
PDA ने मिलकर ठाना
अब तक जिसने हक़ है मारा
अब उसको सबक सिखाएंगे
न बहकावे में आएंगे ~
एक-दूजे का साथ निभाएंगे
ख़ुद ही सुनहरा कल लाएंगे
इतिहास नया लिख जाएंगे

PDA का परचम पूरे देश में लहराएंगे
PDA का परचम पूरे देश में लहराएंगे

## जुड़ेंगे तो जीतेंगे!

साभार: X@yadavakhilesh

QR कोड स्कैन करें और वाट्स-एप चैनल से जुड़ें
/Akhilesh Yadav
/Samajwadi Party

समाजवादी पार्टी

/samajwadiparty
www.samajwadiparty.in